# यूपी सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य बना

**उपलब्धि**

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

**2024** तक सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेसवे को बनाने की तैयारी

**03** एक्सप्रेस वे निकट भविष्य में यूपी को और मिल जाएंगे

**594** किमी का होगा गंगा एक्सप्रेस वे, 95% जमीन खरीदी गई

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के आगाज के साथ ही उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन जाएगा। अब तीन बड़े एक्सप्रेसवे यमुना एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे यूपी की शान बढ़ाते हुए इसके एक छोर को दूसरे छोर यानी गाजीपुर से नोएडा तक सीधे जोड़ रहे हैं। इसके जरिए अब जनता के लिए सफर बेहद आसान, आरामदेह व कम वक्त में हो जाएगा।

भविष्य में तीन एक्सप्रेस बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे व बलिया लिंक एक्सप्रेसवे की सौगात यूपी को मिलेगी और सबसे बड़ा गंगा एक्सप्रेसवे जैसी परियोजना 2024 तक पूरी किए जाने की तैयारी है।

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (341 किमी) :** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे गाजीपुर से शुरू होकर लखनऊ तक का सफर केवल चार से साढ़े चार घंटे में पूरा करा देगा। इसके बाद लखनऊ से आगरा का सफर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के जरिए पूरा होगा। यहीं से यमुना एक्सप्रेस पर चल कर सीधे नोएडा दिल्ली तक पहुंचा जा सकेगा। एक्सप्रेसवे पर सौ किमी की स्पीड पर वाहन चल सकेंगे।

**गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस -90 किमी :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण गोरखपुर आजमगढ़ के बीच तेजी से चल रहा है। इसकी सौगात भी अगले साल मिल जाएगी। गोरखपुर से सीधे कनेक्टिविटी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मिल जाएगी।

**गंगा एक्सप्रेसवे- 594 किमी:** देश का सबसे लंबा माने जाने वाला गंगा एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक बनने जा रहा है। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने करेंगे। इसके 95 प्रतिशत से ज्यादा जमीन खरीदी जा चुकी है।



सुलतानपुर में सोमवार को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करते सीएम योगी।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे

चित्रकूट से इटावा तक बन रहे बुंदेलखंड एक्सप्रेस का काम तेजी से चल रहा है। इसका अगले महीने उद्घाटन कर एक लेन जनता के लिए खोल दी जाएगी। जबकि अगले साल जनवरी तक पूरा एक्सप्रेसवे खुल जाएगा। मध्यप्रदेश व बुंदेलखंड से आने वाले इसके जरिए इटावा के बाद आगरा एक्सप्रेस पर आकर दिल्ली तक जा सकेंगे।

# लड़ाकू विमान वाली एयरस्ट्रिप में यूपी अव्वल

- लखनऊ- वाराणसी राजमार्ग पर भी एयरस्ट्रिप बनाने की तैयारी
- पूर्वांचल एक्सप्रेसेवे पर कई हैलीपैड बनाने की भी योजना

**राज्य मुख्यालय।** उत्तर प्रदेश लड़ाकू विमानों की आपात लैंडिंग सुविधा युक्त एक्सप्रेसवे का हब बनने जा रहा है। नवनिर्मित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बनी विशेष एयरस्ट्रिप पर भारतीय वायुसेना के लडाकू विमान मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उड़ान भरेंगे। इस तरह की सुविधा के साथ यूपी में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पहले से ही है।

यही नहीं निकट भविष्य में गंगा एक्सप्रेसवे पर शाहजहांपुर में प्रस्तावित एयरस्ट्रिप पर भी लड़ाकू विमान टेक आफ व लैंड कर सकेंगे।

भारतीय वायु सेना के फाइटर प्लेन यमुना एक्सप्रेसवे पर भी उतर चुके हैं। इस मायने में एयरस्ट्रिप की सुविधाओं वाले एक्सप्रेसवे के मामले में यूपी अव्वल है।

**2015** में यमुना एक्सप्रेसवे पर मिराज-2000 उतरे थे

